
# Extension activities
# (2021-22)

## World Environment Day

First held on 5th June 1973, World Environment Day has grown into a global platform for raising environmental awareness and spurring environmental action. In the year 2022 “Only One Earth” is the campaign slogan, with the focus on “Living Sustainably in Harmony with Nature”. The college has celebrated the event by plantation in the college premises at several places.

Principal Madam with the staff planting a sapling



प्रति,

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कांकेर।

विषय – विश्व पर्यावरण दिवस हेतु अनुमति बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 5/6/2022 को विश्व पर्यावरण दिवस हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करेंगें।

धन्यवाद।


दिनांक – 31/5/2022
स्थान – कांकेर

31/5/22

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334

भवदीय
अलका केरकेट्टा

कार्यक्रम अधिकारी
...य सेवा योजना (महिला इकाई)
...तापदेव शास.स्नातकोत्तर
...द्यालय कांकेर (छ.ग.)


भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर

राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से विनम्र अपील है कि 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 01 पौधा रोपण कर प्रकृति के पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान देवें । महाविद्यालय में विभिन्न विभागों में 100 से अधिक सदस्य है तथा 2000 से अधिक छात्र-छात्रायें है सभी विभागाध्यक्षों, परीक्षा केन्द्राध्यक्षों, वीक्षकों से अनुरोध है कि प्रत्येक विद्यार्थी को उक्त सूचना सम्प्रेषित करने का कष्ट करें । किसी भी प्रजाति के पौधा का रोपण करते हुए एक फोटो ग्राफ लेकर कार्यक्रम अधिकारी के व्हाट्सअप नम्बर 70003-52058 पर जरूर भेजें ।

सभी से सहयोग की अपेक्षा !

- Growth Tree
- Control Temperature
- Save Earth

कार्यक्रम अधिकारी रासेयो - अल्का केरकेट्टा
व्हाट्सप नम्बर 7000352058 पर जानकारी अवश्य भेजें ।


अल्का केरकेट्टा
कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो)
भानुप्रतापदेव शास. स्नात.महा. कांकेर

डॉ. सरला आत्राम
प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शास. स्नात.महा. कांकेर



# World Bicycle Day

World Bicycle Day is marked on 3rd June every year to recognize bicycling as a way to get a sustainable form of travelling that also ensures one's physical well-being. The NSS and NCC Unit of college celebrated the day by cycling from college to the center of the town.



कार्यालय प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय) कोड : 2101
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
जिला – उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)

दिनांक 01.06.2022

//सूचना//

महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों/अधिकारियों/स्व-वित्तीय सहा.प्रा./कर्मचारियों एवं समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.06.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे "विश्व साइकल दिवस" के तत्वाधान में "साइकल रैली" आयोजित की जा रही है।

पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में आप सभी की अधिकाधिक सहभागिता अपेक्षित है।

प्रभारी प्राध्यापक
UGC/NSS/NCC

प्राचार्य 02/06/2022
भानुप्रतादेव शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय कांकेर






कर 04-06-2022

कांकेर • भानुप्रतापपुर • पखांजूर

कार्यक्रम • प्रदूषण रोकने व ईंधन बचाने के लिए रोजाना के कामकाज में साइकिल अपनाने पर दिया गया जोर

## विश्व साइकिल दिवस : भानुप्रतापदेव कॉलेज ने पर्यावरण पर जागरूक करने निकाली रैली

भास्कर न्यूज | कांकेर

भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज की ओर से विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए कचहरी चौक से वापस महाविद्यालय पहुंची।

प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने कहा इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव मना रहे हैं और विश्व साइकिल दिवस के दिन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, ईंधन बचाने के साथ ही बेहतर राष्ट्र के लिए साइकिल को दैनिक दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। बस्तर विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ. डीएल पटेल ने बताया जापान जैसे देश में 80 फीसदी लोग साइकिल से चलते हैं, इसलिए वहां के लोग स्वस्थ रहते हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बलिदानों के शहादत का पुण्य स्मरण करते हुए साइकिल रैली देशभर में आयोजित की जा रही है। भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिलिंग एक महत्वपूर्ण इवेंट के अंतर्गत आता है। इस दौरान आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, एनएसएस अधिकारी प्रो भुनेश्वर कंवर, डॉ. विजय रामटेके, डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ. एसआर बंजारे, डॉ. एलआर सिन्हा, प्रो एनआर साव, प्रो आर कुलदीप, प्रो किंडो, प्रो सुमिता पांडे, प्रो अशोक ज्योति, डॉ निधि भट्ट, विजय बेसरा, ऋचा सगने, हेमलता साहू, प्रियंका गवर्णा, रूक्मणि यादव, विजय साहू, आशीष नेताम, अशोक भारती, नेल्सन खेस, खिलेश्वर कोसमा, गोवर्धन सोनवानी, एनएस कश्यप, जेएल यादव, सुनेश्वर ठाकुर, मनोज ठाकुर, भारत कंवर, सूरज बिछिया आदि उपस्थित थे।

कांकेर। भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय से निकाली गई साइकिल रैली।

### एनसीसी कैडेटों ने किया रैली का किया नेतृत्व

साइकिल रैली में शामिल छात्र-छात्राओं को पतंजलि चिकित्सा संस्थान द्वारा फ्रूट जूस पिलाकर मनोबल बढ़ाया। एनएसएस दल नायक गुरदास विश्वास, आदुरी मिस्त्री, गोविंद सिन्हा, कालू राम, लोमेश्वरी, आशा कश्यप, धीरज कुमार मंडावी, दयाशंकर नाग ने मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड, पुराना कचहरी चौक, जिला सहकारी बैंक के सामने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। रैली का एनसीसी के कैडेट खिलेंद्र साहू, पूजा ठाकुर, धनेश्वर साहू, तेजस्वी साहू, तानिया यादव ने नेतृत्व किया।

Principal madam has flagged off the rally of riders










## Seed Distribution








## egkokjh LoPNrk izca/ku (Menstrual Hygiene Management)

Department of Geography/NSS/UNICEF/Center for Catalyzing Change together organized a program on 19th of May 2022 to aware the students about Menstrual Hygiene.





दैनिक भास्कर कांकेर 22-05-2022

जागरूकता • पीजी कॉलेज में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर कार्यक्रम

# लैंगिक समानता और माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने का किया आह्वान

भास्कर न्यूज़| कांकेर

शासकीय भानुप्रतापदेव महाविद्यालय में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा के तहत छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को लैंगिक समानता और माहवारी के विषय में फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया गया।

यूनिसेफ जिला समन्वयक रेहाना तबस्सुम ने बताया स्वास्थ्य के इस महत्वपूर्ण विषय में आज भी जागरूकता का अभाव है। ऐसे में ये हमारी सामूहिक जवाबदारी है



कांकेर। माहवारी को लेकर लोगों को जागरूक करने कहा।

कि हम इस दिशा में लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएं। युवाओं को इससे जोड़ने का उद्देश्य यही है कि वे इससे जुड़ी बातों को समझे और महिलाओं और बालिकाओं के लिए सहयोगी और संवेदनशील बने। लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने और समाज में माहवारी की भ्रांतियों को दूर करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के बस्तर संभाग कार्यक्रम समन्वय डॉ. डीएल पटेल ने कहा माहवारी एक सामान्य क्रिया है, जिसके विषय में खुलकर बात करने की जरूरत है। ताकि इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को महिलाएं और बालिकाएं बिना किसी डर और झिझक के कह सकें। उन्होंने छात्रों से इस संबंध में समुदाय में जागरूकता लाने कहा। सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के जिला समन्वयक कोमल लहरे ने कार्यक्रम में बालिकाओं के साथ माहवारी के कारण होने वाले लैंगिक भेदभाव के बारे में बताया औऱ लैंगिक समानता के विषय में छात्रों को जानकारी दी। महाविद्यालय के रासेयो महादलनायक गुरुदास विश्वास ने कहा ये एक आम शारीरिक प्रक्रिया है, जिससे जुड़ी भ्रांतियों को हमें न केवल तोड़ने का काम करना है, बल्कि लैंगिक भेदभाव के खिलाफ भी युवाओं को अपनी आवाज उठानी होगी। तभी हम एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगें।

# International Woman's Day Celebration

International Woman's Day is celebrated in the college every year. This year on 8th March 2022 too the college has celebrated the day with full pomp and show. Women from different fields have been recognized and felicitated by the Principal of the college.



आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रियंका दौलतानी ने अपने विचार व्यक्त किए।

**पीजी कॉलेज में नारी सम्मान समारोह का किया आयोजन :** भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज में नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरती रवि श्रीवास्तव थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने किया। विशिष्ट अतिथि रीना लारिया थीं। इस दौरान अनुराग ठाकुर, हेमलता वैष्णव, बुलबुल वैद्य, सिनीवाली गोयल, अनुसूइया उइके, कल्पना ध्रुव, सीमा शर्मा, जानकी कार्राम, तुलसी मानिकपुरी, सविता पोया, मीरा आर्ची, नामेश्वरी नरेटी का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।







अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
के अवसर पर



## 7-day NSS Camp

A 7-day NSS Camp has been organized by the College along with the NSS Unit of Indru Kewat Girls' College Kanker. Approximate 100 students have been participated in the Camp. The Camp was organized from 29th February 2022 to 6th March 2022 in the College Campus due to safety reasons from Covid-19.



दैनिक भास्कर

बस्तर संभाग

परिसर की करेंगे सफाई • पीजी और इंदरू केवट कन्या कॉलेज की एनएसएस इकाई ने लगाया शिविर

# कोरोना के कारण दो साल से नहीं लग पाया शिविर, अब कॉलेज के कैंपस में ही लगाया

भास्कर न्यूज | कांकेर

कोरोना संक्रमण के कारण शहर के पीजी कॉलेज और इंदरू केवट कन्या कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा पिछले दो सालों से कहीं पर कोई शिविर का आयोजन नहीं किया गया था। अब कोरोना संक्रमण में गिरावट के बाद सर्वसम्मति बनाकर दोनों कॉलेजों की एनएसएस इकाई ने सात दिवसीय शिविर पहली बार अपने ही कॉलेज में लगाया है। इसके पहले तक एनएसएस के छात्र दूसरे गांव जाकर शिविर लगाते थे।

इस साल कोरोना संक्रमण कमजोर होने के बाद पीजी कॉलेज तथा इंदरू केवट कन्या कॉलेज के एनएसएस शिविर का शुभारंभ 28 फरवरी को किया गया। 150 छात्र-छात्राएं शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर नवंबर से जनवरी के मध्य होना था लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण नहीं लग पाया था। कोरोना संक्रमण में गिरावट आने के बाद एनएसएस इकाई ने शिविर कॉलेज कैम्पस में आयोजित किया गया है। 28 फरवरी को शिविर का उद्घाटन करते इंदरू केवट कन्या कॉलेज की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव ने कहा इस तरह के आयोजन से छात्रों को सकारात्मक काम करने प्रेरणा मिलती है। एनएसएस के बस्तर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईश्वर पटेल ने कहा कि शिविर से काफी कुछ सीखने का मौका मिलता है। पीजी कॉलेज एनएसएस इकाई महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमला ठाकुर, छात्र कार्यक्रम अधिकारी भुनेश्वर कंवर ने शिविर में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इंदरू केवट कन्या कॉलेज की अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक आरती मरकाम को एनएसएस छात्राओं का कार्यक्रम अधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश साव, सहायक प्राध्यापक बी समुंद, भीके रामटेके उपस्थित थे।

कांकेर। कॉलेज कैम्पस में ही आयोजित किया एनएसएस शिविर।

### पहली बार कॉलेज में शिविर आयोजित

एनएसएस शिविर दूसरे गांव में आयोजित किया जाता था, पहली बार अपने ही कॉलेज में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया है। छात्र कॉलेज परिसर में साफ सफाई करेंगे तथा अन्य गतिविधियां जैसे योग, व्याख्यान के साथ बौद्धिक चर्चा कॉलेज में ही होगी। शिविर में एक दिन ट्रैफिक नियम की जानकारी यातायात पुलिस देगी। दूरस्थ गांव के छात्रों के रुकने की व्यवस्था कालेज हॉस्टल में की गई है।




राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर-2022


भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कांकेर(छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर

# u'kk eqfDr vfHk;ku

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.)
जिला — उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)
फोन : 07868— 222028 (का.) फैक्स : 07868—224487
Web : govtbpdpgcollege.com, Email : govtpgcollegekanker@gmail.com

दिनांक: 18/02/2022

## सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड-क्रास के सह-संयोजन में **संकल्प संस्कृति समिति रायपुर** के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा हमारे महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए **"अल्कोहल दुरूपयोग की समझ, इस समस्या हेतु परामर्शन कौशल और इसके रोकथाम के उपाय"** विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन **दिनांक: 19.02.2022, शनिवार दोपहर 12.00 बजे से कक्ष क्र. 07 में** प्रस्तावित है। विद्यार्थी प्रशिक्षण आयोजन में शामिल होकर लाभ उठायें।

(डॉ जय सिंह)
सहा.प्रा./विभागाध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग

(डॉ सरला आत्राम) 18/02/22
प्राचार्य
भा.प्र.दे. शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कांकेर, छ.ग.

कांकेर • भानुप्रतापपुर • पखांजूर

**आयोजन •** भानुप्रतापदेव कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान के तहत हुआ व्याख्यान

## नशे से सामाजिक और आर्थिक दोनों तरह की होती है क्षति: आनंद नेताम

भास्कर न्यूज़। कांकेर



कांकेर। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में नशा मुक्ति अभियान के तहत तंबाकू मुक्त वातावरण निर्मित करने व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि तहसीलदार आनंद नेताम ने कहा वर्तमान में युवाओं में नशे की बढ़ती हुई आदत बहुत गंभीर समस्या है। छोटे बच्चे भी बोनफिक्स का नशा करते देखे जा रहे है। इसके लिए उनके माता-पिता को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

नशे से व्यक्ति की सामाजिक क्षति और आर्थिक क्षति सहन करना पड़ता है। उन्होंने कहा नशामुक्ति के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक व गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया नशा मुक्ति जागरण के लिए उनके द्वारा डॉक्युमेंट्री फिल्म भी निकल भविष्य में बनाया जाएगा, जिससे समाज को लाभ होगा। विशिष्ट अतिथि जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार मिश्रा ने कहा नशा पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट जैसे कई कठोर कानून है, लेकिन कानून से सिर्फ अपराधी को सजा दिलाया जा सकता है, लेकिन इस तरह के आयोजनों से समाज में जागरूकता लाई जा सकती है। नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने तंबाकू के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा एक सुंदर चमकदार चिलम में तंबाकू को मुगल बादशाह अकबर के सामने पेश किया, जो बाहर से आकर्षक था, लेकिन उसका सेवन व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है और हमारी युवा पीढ़ी इसकी गिरफ्त में आ रही है। एक विकसित राष्ट्र के लिए युवाओं को नशामुक्त होना होगा। तब हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में पहले नंबर पर होगा। कार्यक्रम को शासकीय अधिवक्ता सौरभमणि मिश्रा ने भी संबोधित किया।

इस दौरान निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने नशामुक्ति के लिए रैली भी निकाली। कार्यक्रम में कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी विधि विधाग के विभागाध्यक्ष विजय कुमार बेसरा, प्राध्यापक अलका केरकेटा, प्राध्यापक लुबधेश्वरी साहू, उमेश साहू, चेतन विश्वकर्मा, रवीश शोरी, अजय नेताम, आदूरी मिस्त्री, शिवानी, रवीना, समीक्षा, खेमेश्वर, किशन, दिनेश, राहुल आदि उपस्थित थे।

# u'kk eqfDr vfHk;ku

Sankalp Sanskriti Samiti Raipur/Department of Psychology/NSS/ Redcross jointly visited Old Age Home and studied the mental and psychological condition of old people living there. Dr. L.R. Sinha Head Department of Economics distributed blankets among them.

## अभियान चला वृद्धजनों के मानसिक स्वास्थ्य का किया जा रहा अध्ययन

कांकेर| साइकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तर पर वृद्धजनों के मानसिक स्वास्थ्य संतुष्टि और जीवन गुणवत्ता के अध्ययन के लिए अभियान की शुरुआत की है। इसी अभियान का शुभारंभ भानुप्रतापदेव ीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग क विद्यार्थियों के सहयोग से कांकेर क ग्राम नांदनमारा में स्थित बुलबुल राक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में ंचालित वृद्ध आश्रम से किया गया।

फोरम के अध्यक्ष डॉ. बसंत ोनबर ने हमारे फोरम का उद्देश्य ाज्य में सभी वर्ग के मानसिक ्तों का ध्यान रखना है। इस ्रम में प्राथमिक तौर पर पूरे प्रदेश सभी संभागों में वृद्ध आश्रमों था घरों में रह रहे वृद्धजनों के ानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन ्या जाएगा और जो भी आंकड़े ्प्त होंगे। इसका विश्लेषण पश्चात परिणाम व सुझाव ासन तथा समाजसेवी संस्थाओं प्रेषित किया जाएगा। ताकि वृद्धजनों के लिए एक बेहतर समाज व खुशनुमा वातावरण का निर्माण कर पाए। फोरम के सचिव डॉ. जय सिंह ने बताया यह अध्ययन, राज्य के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत फोरम के सदस्य मनोवैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के सहयोग से पूरा किया जाएगा।



कांकेर। वृद्धजनों से चर्चा करती फोरम की सचिव।

### वृद्धजनों को कपड़े भेंट किए व स्वास्थ्य पर चर्चा की

इस अवसर पर पीजी कॉलेज कांकेर के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एलआर सिन्हा द्वारा वृद्धजनों को अंग वस्त्र भेंट किया गया। रेडक्रास प्रभारी प्रो एनआर साव द्वारा उनके स्वस्थ जीवन के लिए उपायों पर चर्चा की गई। मनोविज्ञान की सहायक प्राध्यापिका अलका केरकेट्टा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने मानकीकृत मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का उपयोग करके वृद्धजनों के व्यवहार का अध्ययन किया।

…क भास्कर 19/02/20…


An Exploration of
Mental Health, Satisfaction and
Quality of Life in Old Age
State Lavel Drive of
Regd. No. : 122201896610 Date : 18/05/2018
Inauguration
Old Age Home, Nandanmara, Kanker
Dated: 12.02.2022
यूथ रेडक्रॉस
मित्रता


सेवा





# Blanket Distribution in the Old-Age Home

On the occasion of New Year 1st January 2022, Red Cross Unit of the college along with the Department of English. Sweets have been distributed among aged people and blankets have also been distributed.

## यूथ रेडक्रास ने वृद्धा आश्रम में बांटे कंबल



कंवल वितरण के दौरान युथ रेडक्रास के पदाधिकारी व बुजुर्ग। ● नईदुनिया

**कांकेर (नईदुनिया न्यूज)।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की यूथ इकाई शासकीय भानुप्रताप देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास वालिंटियर्स द्वारा सेवा धर्म के भाव से वृद्धाश्रम में जाकर कंवल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए यूथ रेडक्रास इकाई ने कलेक्टर एवं अध्यक्ष चंदन कुमार, सचिव डा. जेएल उइके तथा प्राचार्य डा. कृपाराम ध्रुव के दिशा निर्देशन में जिला संगठक पवन सेन, प्रभारी डा. नवरतन साव के नेतृत्व में वालंटियर्स ने नंदनमारा स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को कंवल का दान किया। डा. नवरतन साव प्राध्यापक एवं डा. अर्चना सिंह विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग के सौजन्य से कंवल यूथ रेडक्रास को प्राप्त हुई। जहां लोग परिवार के साथ नया वर्ष मना रहे हैं, ऐसे में वृद्धों के संग खुशियां वांटने यूथ वालंटियर्स ने केक काटकर नया वर्ष मनाया और उन्हें मोरल सपोर्ट दिया। वालंटियर्स ने वृद्धजनों का हालचाल पूछा। कंवल वितरण में डा. अर्चना सिंह, डा. नवरतन साव, जिला संगठक पवन सेन, प्राध्यापक डा. जय सिंह, रेडक्रास वालेंटियर गोविंद सिन्हा, नीलम जैन बीए भाग तीन, शशिकला साहू बीए भाग तीन शामिल थे।



यूथ रेडक्रॉस
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.)
पंजीयन क्रमांक 15
YOUTH RED CROSS
स्वास्थ्य
सेवा





## National Mental Health Awareness Programme

10th October is celebrated as Mental Health Day with the overall objective of raising awareness of mental health issues and mobilizing efforts in support of better mental health. Like every year the college has celebrated the Mental Health Day along with Pt. Sundar Lal Sharma University Bilaspur.



# Cleanliness Programme on Gandhi Jayanti

On 2nd of October on the occasion of Gandhi Jayanti, college's NSS Unit has run a cleanliness campaign surrounding of the college. Polythene have been removed from the campus thus the college campus has become polythene free.









# NAAC Workshop

## महाविद्यालयों का नैक द्वारा मूल्यांकन पर आधारित
## संभाग स्तरीय कार्यशाला
(बस्तर संभाग)

**दिनांक- 02 जुलाई, 2021**

## प्रतिवेदन

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्र. 101/64आउशि/गु.प्र./2021, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 30.06.2021 के सन्दर्भ में बस्तर संभाग के नोडल महाविद्यालय भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर द्वारा नैक मूल्याङ्कन की तैयारी के क्रम में संभाग के महाविद्यालयों हेतु दिनांक 02 जुलाई 2021 को कार्यशाला आयोजित किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है -

NAAC द्वारा मूल्यांकन की प्रक्रिया में महाविद्यालयों की तैयारी करने में सहायता के क्रम में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बस्तर संभाग में नोडल महाविद्यालय में दिनांक 02.07.2021 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न पक्षों पर वक्ताओं द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी । इसका विवरण क्रमानुसार निम्नवत प्रस्तुत है –

- सर्वप्रथम नोडल महाविद्यालय के वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक प्रो. पी. एस. गौर ने मंच संचालन करते हुए कार्यशाला के महत्त्व व इसकी रुपरेखा पर चर्चा किया ।
- महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के. आर. ध्रुव द्वारा सभी वक्ताओं व प्रतिभागी महाविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों का अभिनन्दन करते हुए सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला से लाभ लेकर अपने-अपने महाविद्यालयों में नैक द्वारा मूल्याङ्कन की प्रक्रिया में गति लाने हेतु प्रोत्साहित किया ।
- बस्तर संभाग की अपर संचालक डॉ व्ही विजयलक्ष्मी ने अपने संबोधन में सभी महाविद्यालयों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कार्यशाला के माध्यम से दी जाने वाली जानकारियों को सब ध्यान से सुने और यथाशीघ्र नैक मूल्याङ्कन के लक्ष्य को पूरा करें ।
- विशेषज्ञ वक्ता डॉ आर. एन. सिंह, प्राचार्य, व्ही. वाय. टी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग ने महाविद्यालय प्रबंधन में प्राचार्यों की भूमिका विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि प्राचार्य महाविद्यालय रूपी जहाज की दिशा तय करने वाले कप्तान होते हैं । उन्होंने शासन द्वारा प्राचार्यों की प्रदत्त शक्तियों का विवरण देते हुए कहा कि अपने अधिकारों का समुचित प्रयोग करके कोई भी प्राचार्य अपने महाविद्यालय की कार्यशैली में आवश्यक सुधार लाने में सक्षम होता है और इससे महाविद्यालय के विभिन्न पक्षों के बीच उचित समायोजन स्थापित होगा । डॉ सिंह ने अपने महाविद्यालय के मानव संसाधन को योग्यतानुसार कार्य विभाजन को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संस्था के प्रत्येक सदस्य का मनोबल बनाये रखने हेतु यह आवश्यक रणनीति है ।
- डॉ जी. ए. घनश्याम, OSD, SLQAC, रायपुर ने सभी महाविद्यालयों के नैक सञ्चालन समितियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा स्पष्ट है कि सभी पात्र महाविद्यालयों को नैक द्वारा मूल्यांकन की प्रक्रिया संपन्न कराना है । अतः सभी महाविद्यालय लगातार इस दिशा में प्रयासरत रहें और आवश्यक होने पर शासन स्तर पर भी सहयता प्रदान की जाएगी । उन्होंने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नैक द्वारा मूल्यांकन कोई कठिन कार्य नहीं है और न ही इसके लिए किसी खास सुविधा की आवश्यकता होती है । नैक द्वारा मूल्यांकन के लिए सिर्फ दृढ़ निश्चय और अपनी जिम्मेदारी समझ लेना जरुरी है ।
- डॉ जय सिंह, मार्गदर्शक, नोडल महाविद्यालय ने इस क्रम में नैक द्वारा मूल्यांकन के लिए महाविद्यालयों की आवश्यक पात्रता, मूल्यांकन शुल्क, IIQA भरने व SSR बनाये जाते समय नैक द्वारा जारी सामान्य मार्गदर्शक नियमों से सम्बंधित सभी Matrix में भरी गयी जानकारियों के Data Validation and Verification (DVV) तथा साथ-साथ Student satisfaction survey (SSS) सहित विभिन्न बुनियादी पक्षों पर चर्चा किया ।
- मिस. रजनी मंडल, नैक प्रभारी, शासकीय अरविन्द महाविद्यालय किरंदुल ने अपने वक्तव्य में IQAC के गठन, इसके कार्य तथा महत्त्व पर चर्चा करते हुए बताया कि यह किसी भी महाविद्यालय की सबसे अहम् समिति होती है । महाविद्यालय के मूल्यांकन में इस समिति के उचित प्रबंधन व कार्य के आधार पर काफी अंक अर्जित किये जा सकते हैं जो कि अंततः मूल्यांकन के ग्रेड को प्रभावित करता है ।
- प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति के पश्चात् श्रीमती शारदा वर्मा, उच्च शिक्षा आयुक्त, रायपुर छ.ग. ने सभी वक्ताओं व महाविद्यालय के प्राचार्यों का फीडबैक लेते हुए नैक द्वारा मुल्यांकन हेतु उनकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया, साथ ही इस प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के बारे में भी चर्चा किया और मूल्यांकन हेतु प्रेरित करते हुए आश्वस्त किया कि शासन की तरफ से यथा आवश्यकता सहायता प्रदान की जाएगी ।
- प्रश्नकाल में प्रतिभागी महाविद्यालयों के प्रश्नों का समाधान वक्ताओं द्वारा किया गया और अंत में महाविद्यालय के IQAC समन्वयक डॉ आर. के. एस. ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

(डॉ जय सिंह)
परामर्शक, नोडल महाविद्यालय
बस्तर संभाग

# Online Workshop on International Yoga Day

प्रति,

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कांकेर।

विषय — 21 जून 2022 को योग दिवस हेतु अनुमति बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 21 जून 2022 को ऑनलाइन योग दिवस हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद।

दिनांक — 13/6/2022
स्थान — कांकेर

13/06/22
प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334

Alka
भवदीय
अलका केरकेट्टा
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (महिला इकाई)
भानुप्रतापदेव शास.स्नातकोत्तर
महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)


# सूचना


महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/6/22 को समय बजे ऑनलाइन योग दिवस का आयोजन है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।


भवदीय
अलका केरकेट्टा

दिनांक — 13/6/22
स्थान — कांकेर

प्राचार्य
भानुप्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334


Govt. College Sarona
Raghvendra
Human Lal
vijay prakash Sahu joined


Raghvendra
Raghvendra
Human Lal
You
Govt.
56 others


12:46
wwf-irzm-irt
Raghvendra
Raghve...
Human ...
You
Go
58 others


12:52
wwf-irzm-irt
Raghvendra
Raghve...
हिन्दी
You
Bh
50 others

# International Yoga Day

On 21st June International Yoga Day has been celebrated in the college campus. Staff and students along with the Principal has been participated in it.









# PARTICIPATION OF NSS CADETS IN THE NATIONAL INTEGRATION CAMP HELD IN BARAHAMPUR ORISSA

प्रति,

प्राचार्य

भानुप्रताप देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

कांकेर ।

विषय - NIC में जाने हेतु अनुमति बाबत् ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 3/6/22 से 9/6/22 तक बरहमपुर वि० वि० उड़ीसा में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन है जिसमें महाविद्यालय के 05 स्वयं सेवक एवं 01 महिला कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता होना है।

अतः उक्त NIC में सहभागिता हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद ।

दिनांक - 31/5/22

स्थान - कांकेर

भवदीय

अलका केरकेट्टा

कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना (महिला इकाई)

भानुप्रतापदेव शास.स्नातकोत्तर

महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)

31/5/22

प्राचार्य

भा.प्रतापदेव शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर

जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) 494334

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ

## शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

(धरमपुरा) जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.) 494005
कार्यालय फोन/फैक्स 07782 – 229125 मोबा. नं. 9424275020, 9752094816
E-mail – nssbvv@gmail.com, dadulalpatel@gmail.com

क्रमांक / 255 / श.म.क.वि.वि. / रा.से.यो. / स्थापना / 2021–22 जगदलपुर, दिनांक : 17 / 05 / 2022

प्रति,

रायगड़ा महिला कॉलेज,
रायगड़ा (उड़ीसा)

विषय :– दिनांक 03 से 09 जून 2022 तक आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागीता के संबंध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 03 से 09 जून 2022 तक रायगड़ा महिला कॉलेज, रायगड़ा (उड़ीसा) द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त शिविर में इस विश्वविद्यालय अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों की सहभागिता होनी हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्न – निर्धारित प्रपत्र।

17.05.22
(डॉ. डी. एल. पटेल)
कार्यक्रम समन्वयक रा.से.यो.
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 256 / श.म.क.वि.वि. / रा.से.यो. / स्थापना / 2021–22 जगदलपुर, दिनांक : 17 / 05 / 2022

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सहायक, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सादर सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल को सादर सूचनार्थ।
03. राज्य एन.एस.एस. अधिकारी व पदेन उपसचिव छ.ग. शासन उ.शि.वि. रायपुर को सादर सूचनार्थ।
04. माननीय कुलसचिव महोदय के निज सहायक, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सादर सूचनार्थ।
05. कार्यालयीन नस्ती हेतु।

(डॉ. डी. एल. पटेल)
कार्यक्रम समन्वयक रा.से.यो.
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
जगदलपुर (छ.ग.)

---

PERFORMA FOR VOLUNTEERS DETAILS FOR NATIONAL INTEGRATION CAMP AT RAYAGADA WOMEN'S COLLEGE FROM 03.06.2022 TO 09.06.2022

VENUE: RAYAGADA WOMEN'S COLLEGE,

DATE: 03.06.2022 TO 09.06.2022

NAME OF STATE- CHHATTISHGARH, INDIA

| S. NO. | Name of Volunteer/PO | Male/ Female | Class | Name of Institution/ College | Name of University | Contact No. of Volunteer | Email ID of Volunteer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MAYANK BAGCHI | Male | Msc | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9340461036 | mayankbagchi91@gmail.com |
| 2 | ARVIND SINGH | Male | MSW | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 7723024441 | arvindrajput1432@gmail.com |
| 3 | AVINASH SONY | Male | Bed II Sem. | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9523434574 | avinashsony01@gmail.com |
| 4 | NITIN MESHRAM | Male | Bed II Sem. | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9340610063 | meshramn5@gmail.com |
| 5 | PREMJEET NIRALA | Male | Bed II Sem. | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 8770488978 | premjeetnirala98@gmail.com |
| 6 | VINITA TETA | Female | M.A. II Sem. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9399782272 | vinitateta0@gmail.com |
| 7 | KAVERI DARRO | Female | M.A. II Sem. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 6262068750 | kaveridarro83@gmail.com |
| 8 | NILIMA SHORI | Female | M.A. II Sem. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 8770458324 | nshori713@gmail.com |
| 9 | GANESHWARI SALAM | Female | M.A. II Sem. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9575160138 | ganeshwarisalam58@gmail.com |
| 10 | SONIYA GAWDE | Female | M.A. II Sem. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 9407737506 | soniyagawde5@gmail.com |
| 11 | ALKA KERKETTA (Pro. Officer) | Female | Assi. Pro. | Govt. PG College Kanker | S.M.K.V.V. Bastar, Jagdalpur CG | 7000352058 | aalkakerketta7@gmail.com |

17.05.22
(Dr.D.L. Patel)
Programme Co-ordinator (NSS)
Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya,
Bastar, Jagdalpur (CG)
Mo. 9424275020
Email – nssbvv@gmail.com









# पीजी कालेज के पांच स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन

कांकेर। राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के पांच एवं शहीद महेन्द्र कर्मा विश्व विद्यालय बस्तर जगदलपुर के पांच स्वयंसेवकों का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। बरहमपुर विश्वविद्यालय परिषद बरहमपुर उड़ीसा में सात दिवसीय शिविर 3 जून से 9 जून तक आयोजित है, जिसमें भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के पांच स्वयंसेवक विनीता तेता, कावेरी दर्रो, नीलिमा शोरी, गणेश्वरी सलाम और सोनिया गावड़े का चयनहुआ है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अल्का केरकेट्टा के नेतृत्व में यह स्वयंसेवक छग राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं व्यक्तित्व के गुर सीखेंगे।

को कम नहीं किया। देशभर में

**आयोजन** • राष्ट्रीय एकता शिविर में पीजी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

# स्वयंसेवकों ने दी पारंपरिक डांस की प्रस्तुति

भास्कर न्यूज़ | कांकेर

भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज की रासेयो महिला इकाई व शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के 5-5 स्वयंसेवक ओडिशा के बरहमपुर विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल हुए। पीजी कॉलेज की विनिता तेता, कावेरी दर्रो, निलिमा सोरी, गणेश्वरी सलाम और सोनिया गावडे ने रंगोली, भाषण, गीत, कविता, निबंध आदि विधाओं में हिस्सा लिया।

गीत प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शिविर में महिला सशक्तिकरण, सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव, स्वच्छ भारत एवं अन्य प्रेरणात्मक स्पीच जैसे ज्वलंत विषयों पर चर्चा की गई।



स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित।


सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत यहां के स्वयंसेवकों द्वारा बस्तरिया, सुआ नाच और सामूहिक ददरिया गीत प्रस्तुत किया और सांस्कृतिक रैली में यहां के स्वयं सेवकों ने छत्तीसगढ़ की वेशभूषा धारण कर रैली की शोभा बढ़ाई। स्वयंसेवकों को तारातारिणी मंदिर, टेम्परालेक, गोपालपुर समुद्र बीच, रामलिंगेश्वरा फाउंटेन भ्रमण कराया गया। विभिन्न राज्य बोली, भाषा, रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा के बीच स्वयं सेवकों ने देशभक्ति, एकता एवं अखंडता एवं व्यक्तित्व के गुर सीखे।

पीजी कॉलेज की महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अलका केरकेट्टा को शिविर के समापन समारोह में ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सरला आत्राम, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएल पटेल सहित वरिष्ठ प्राध्यापक एवं अन्य स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी।

**Date:- 01/10/21**

**National Voluntary Blood Donation Day**

**Number of participants:- 13**



1 अक्टूबर 2021

(राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 1 अक्टूबर 2021 को ऑनलाइन राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर ऑनलाइन रक्तदान करने के लाभ के बारे में बतलाया गया। जिसमें NSS के स्वयं सेवक एवं भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अपनी उपस्थिति रही।

1. पुष्पा जैन — Pushpa
2. चन्द्रिका कावड़े — Chandrika
3. पुनीता उसेण्डी — Puneeta
4. खिलेश कुमार
5. गनेश्वरी श्याम
6. जगेश्वर — Pappu
6. राघेन्द्र कुमार —
7. सोनिया गावड़े
8. संताप उसेण्डी
9. लिकेश जुर्री
10. देवेश्वरी मरकाम — Deveshwari
11. दीपा जैन — Deepa Jain
12. फुलेश्वर
13. रुद्धीर कुमार पटेल


कार्यक्रम अधिकारी,
राष्ट्रीय सेवा योजना,




भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कांकेर (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
आपका

**Date:- 01/12/21**
**Name of activity:- World AIDS Day**
**Number of participants:- 15**

To spread awareness among students World Aids Day has been celebrated in the department of Geography along with the NSS Unit and Nehru Yuva Kendra of Kanker district. Mr. Ajay Patel (NYK) and Dr. Jay Singh (NSS) have delivered talks on awareness about Aids.


1 दिसम्बर 2021

(विश्व एड्स दिवस)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 1 दिसम्बर 2021 को भानु-प्रतापदेव शास. स्नात. महाविद्यालय कांकेर में भूगोल विभाग में अतिथि के रूप में श्री अजय कुमार पटेल, एवं डॉ. जय सिंह द्वारा विश्व एड्स दिवस के बारे में एड्स से सम्बंधित उद्बोधन दिया गया जिसमें छात्र छात्राएं को जानकारी प्राप्त हुई एवं प्राध्यापक/छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी

1. [illegible]
2. जागेश्वर
3. [illegible] नेताम
4. चन्द्रिका कावड़े
5. पुनीता उसेण्डी
6. सोनिया गावड़
7. देवेश्वरी मरकाम
8. लिकेश्वरी कुर्री
9. दीपा जैन
10. पुष्पा जैन
11. राघेन्द्र कुमार
12. [illegible] कुमार
13. प्रताप उसेण्डी
14. फुलेश्वर
15. [illegible] कुमार पटेल


नेहरू युवा केन्द्र-कांकेर (छ.ग.)
(NYLP)
विश्व एड्स दिवस
(जन जागरूकता अभियान)
01 दिसम्बर 2021
ग्राम- चारामा ,विकास खण्ड- चारामा, जिला- उ.ब. कांकेर
आयोजक - नेहरू युवा केन्द्र कांकेर (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
भूगोल विभाग
वर्ष : 1983-84


विश्व एड्स दिवस
(जन जागरूकता अभियान)
राष्ट्रीय सेवा योजना
1097
GPS Map Camera
Kanker, Chhattisgarh, India
7FMQ+54H, Kanker, Chhattisgarh 494334, India
Lat 20.283301°
Long 81.487629°
01/12/21 02:08 PM
Google

# Nukkad Natak by NCC Cadets on Polythene ban



पहल प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को बताया गया

## प्लास्टिक मुक्त कांकेर बनाने चलाया गया अभियान

*कांकेर @पत्रिका. सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाली समस्याएं और इसे प्रयोग न करने जागरुकता कार्यक्रम के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। यह नुक्कड़ नाटक में 8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी कांकेर के एनसीसी कैडेटों ने किया।*

### एनसीसी कैडेटों ने लोगों को किया जागरूक

नाटक का प्रदर्शन शहर के घड़ी चौंक एवं पुराना बस स्टैंड में किया गया। इस नाटक के माध्यम से बताया गया कि 1 जुलाई से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद किया गया है। इसलिए शॉपिंग के लिए पेपर या कपड़े के बने बैग का इस्तेमाल करें। हम जब भी सामान खरीदने बाहर जाएं तो अपने साथ कपड़े का थैला अवश्य लेकर जाएं। इस मुहिम का उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त कांकेर बनाना है।

इस दौरान कंपनी के कमान अधिकारी ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक से मृदा प्रदूषण के अलावा जल व वायु प्रदूषण होता है। जिससे कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। हर साल विश्व में लगभग 100 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से 25 मिलियन टन नष्ट नहीं होते। विश्व में लगभग 70000 टन प्लास्टिक महासागरों में फेंक दिए जाते हैं। जिससे जलीय जीवों के श्वसन मार्ग में अवरोध उत्पन्न होने के कारण मर जाते हैं। एक किलो प्लास्टिक के जलाने पर 3 किलो कार्बन डाई ऑक्साइड निकलता है जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक एक बड़ा कारण है। इसे बंद किया गया है, इससे पर्यावरण प्रदूषित होने से बचेगा। इस नुक्कड़ नाटक में खिलेंद्र साहू, अंगेश्वरी, केशव, तरुण राज, पूनमचंद तेजस्वी साहू, पूजा ठाकुर, तनुजा, धनेश्वर साहू के साथ ही करीब 30 से अधिक कैडेटों ने इसमें भाग लिया।






अमूल




ताजा गन्ना रस
अमूल